NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)

No : 79/NCRES/84/22 Date : 19.5.2022

मुख्य स्वास्थ्य निदेशक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– केन्द्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज में नेत्र विशेषज्ञ की व्यवस्था करना।

महोदया,

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के केन्द्रीय चिकित्सालय में नेत्र चिकित्सक के रूप में डा0 शिखा यादव को संविदा पर रखा गया है जो हफ्ते में चार दिन केवल दो घंटे के लिये आती है और तीन दिन OPD मे प्रतिदिन केवल 15 मरीज देखती है तथा एक दिन OT में कार्य करती है, इस कारण जो कर्मचारी आँख का इलाज डा0 शिखा से कराना चाहते है, उन्हे लिये टोकन के लिये सुबह 6 बजे ही लाइन लगाना पडता है, और टोकन न मिल पाने पर कर्मचारियों को प्राइवेट डाक्टर से इलाज कराना पड़ता है, और परामर्श फीस के रूप मे उन्हे 500/- से 800/- रू. का भुगतान करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त यदि आपरेशन कराना पड़ा तो मोतियाबिन्द के आपरेशन के लिये कर्मचारियो को लगभग 25000/- से 35000/- रूपये खर्च करने पड़ते है।

यह भी अवगत कराना है कि केन्द्रीय चिकित्सालय मे नेत्र चिकित्सक के रूप मे डा. आर. जे. चौधरी वर्षो से कार्यरत है लेकिन सामान्य तौर पर कर्मचारी उनसे इलाज नही कराना चाहता। संक्षेप मे कहा जा सकता है कि कर्मचारी मजबूरी मे अपनी आंख की फुंशी (बिलनी) इत्यादि का भले आपरेशन करा ले लेकिन मोतियाबिन्द (Cataract) का आपरेशन नही कराता ।

यह भी अवगत कराना है कि पूर्व मे आँख के डाक्टर सिद्धीकी के प्रति भी कर्मचारियो की ऐसी ही राय थी जिसके कारण प्रयागराज के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डा0 कमल जीत सिंह को केन्द्रीय चिकित्साल्य मे बुलाया जाता था।

उपरोक्त परिस्थितियो मे NCRES का अनरोध है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के कर्मचारियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुये केन्द्रीय चिकित्सालय में हफ्ते में दो दिन के लिये प्रयागराज के किसी वरिष्ट नेत्र विशेषज्ञ को अनुबंध कर बुलाया जाये ताकि कर्मचारियों को मोतियाबिन्द एवं अन्य के आपरेशन के लिये परेशानियो का सामना न करना पड़े।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री